एम. ए. (हिंदी)

सत्रांत परीक्षा, द्वितीय सेमेस्टर (दूसरा सत्र), 2017

विषय कोड सं. PGHND2C001T प्रश्न–पत्र : भाषाविज्ञान और हिंदी भाषा

समय : 3 घटे

अधिकतम अंक : 100

**निर्देश :** 1. प्रश्न पत्र में तीन अनुभाग क, ख तथा ग हैं।

2. अनुभाग 'क' में दस बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न डेढ अंक का है।

3. अनुभाग 'ख' में पांच लघु उत्तरी प्रश्न आन्तरिक चयन/अथवा के साथ दिये गये हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न आठ अंक का है।

4. अनुभाग 'ग' में प्रत्येक इकाई से एक–एक दीर्घ उत्तरी प्रश्न आन्तरिक चयन के साथ दिये गये हैं। जिसमें से परीक्षार्थी को तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न पन्द्रह अंक का है।

**अनुभाग : क (बहुविकल्पी प्रश्न)**

10 × 1.5 = 15

प्रश्न. 1 (i) 'भाषाविज्ञान की भूमिका' नामक ग्रंथ के लेखक कौन हैं–

(क) राजमणि शर्मा (ख) देवेन्द्रनाथ शर्मा

(ग) द्वारिका प्रसाद सक्सेना (घ) बाबूराम सक्सेना

(ii) 'हिंदी भाषा का इतिहास' के लेखक हैं–

(क) रामकिशोर शर्मा (ख) देवेन्द्रनाथ शर्मा

(ग) धीरेन्द्र वर्मा (घ) बाबूराम सक्सेना

(iii) इसमें स्वनिम का भेद है–

(क) खण्डीय (ख) उपसर्ग

(ग) प्रत्यय (घ) वचन

(iv) कौन–सा खण्डेतर स्वनिम है–

(क) थलसेनाध्यक्ष (ख) डाकघर

(ग) स्नानागार (घ) धुऽऽधार

(v) इसमें रूप का वर्गीकरण है–

(क) वाचक (ख) पद

(ग) प्रत्यय (घ) धातु

(vi) रूप विज्ञान के संदर्भ 'वृत्ति' को किस नाम से जानते हैं–

(क) वाच्य (ख) पक्ष

(ग) अर्थ (घ) पुरुष

(vii) प्राचीन आर्यभाषा की सीमा निर्धारित है–

(क) 1500 से 500 ई. पूर्व तक (ख) 1500 से 700 ई. पूर्व तक

(ग) 1500 से 1000 ई. पूर्व तक (घ) 500 से 1000 ई. पूर्व तक

(viii) निम्न में पश्चिमी हिंदी की उपभाषा है–

(क) अवधी (ख) बुन्देली

(ग) छत्तीसगढ़ी (घ) खड़ी

(ix) निम्न में 'बहुब्रीहि' समास है–

(क) लम्बोदर (ख) दुइ नैना

(ग) प्रतिदिन (घ) राजा का पुरुष

(x) इसमें कौन–सा शब्द प्रत्यय है?

(क) विहार (ख) मारा

(ग) अधिन्यास (घ) अत्याधिक

**अनुभाग : ख (लघु उत्तरी प्रश्न)** **5 × 8 =40**

प्रश्न. 2 भाषा को परिभाषित करते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

भाषाविज्ञान की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए उसके क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

प्रश्न. 3 स्वनिम विश्लेषण पद्धति को समझाते हुए उसके भेदों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

स्वनिम की अवधारणा को समझाते हुए उसके भेदों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न. 4 शब्द की व्याकरणिक कोटियों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

रूप से आप क्या समझते हैं? रूप के प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न. 5 आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का सामान्य परिचय दीजिए।

**अथवा**

खड़ी बोली की विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

प्रश्न. 6 कारक को परिभाषित करते हुए उसके वर्गीकरण का विवेचन कीजिए। **अथवा**

समास से आप क्या समझते हैं? समास के भेदों को समझाइए।

## खण्ड : ग (दीर्घ उत्तरी प्रश्न) **3 × 15 =45**

प्रश्न. 7 ध्वनि की परिभाषा को देते हुए स्वर ध्वनियों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न. 8 स्वनिम को परिभाषित करते हुए उसके विश्लेषण पद्धति एवं भेद को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न. 9 रूप के प्रकार और व्याकरणिक कोटियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न. 10 हिंदी प्राचीन आर्यभाषाओं को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न. 11 हिंदी शब्द रचना को उदाहरण सहित समझाइए।